हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024


अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 'विकासखंड बतौली के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल-जल योजना का लाभ




## खबर संक्षेप

### 20 हजार रुपए के गांजा के समेत तीन युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत मैनपाट कमलेश्वरपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.750 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि अंबिकापुर के मठपारा निवासी अंकुश दास, दीपक दास व विकास मुंडा द्वारा कापू की ओर से गांजा खरीदकर स्कूटी से मैनपाट के रास्ते अंबिकापुर जा रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा मैनपाट कापू रोड के मुख्य चेकपोस्ट पर घेराबंदी की गई और स्कूटी सवारों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिक्की से 1 किलो 750 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा तस्करों की पहचान अंबिकापुर मठपारा निवासी 24 वर्षीय अंकुश दास, 29 वर्षीय दीपक दास व 21 वर्षीय विकास मुंडा के रूप में की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से गांजा व स्कूटी जब्त करने के साथ ही धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना कमलेश्वरपुर से प्रधान आरक्षक अखिलेश खेस्स, आरक्षक देवदत्त सिंह, सूरज राठिया, परवेज फिरदौसी आदि सक्रिय रहे।

### बाइक सवार ने पैदल सड़क पार कर रहे कालरी कर्मी को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** शादी का कार्ड बांटने से पैदल सड़क पार कर रहे कालरी कर्मी को अज्ञात बाइक चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी है। दुर्घटना में कालरी कर्मी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जबकि बाइक सवार भी बेसुध हो गया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर निवासी केतकी खदान में कार्यरत कालरी कर्मी 52 वर्षीय बसंत लाल साहू गुरुवार की शाम नगर के मुख्य मार्केट में प्रेम लाल मोदनवाल के यहां शादी का कार्ड बाटने आया था, जो अपनी बाइक को मुख्य मार्ग पर ही सड़क किनारे खड़ी करके पैदल सड़क पार कर रहा था, तभी प्लेटिना मोटर साइकिल के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कालरी कर्मी को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चालक नशे में धुत्त था और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते कालरी कर्मी को टक्कर मार दी है। आसपास लोगों की मदद से कालरी कर्मी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में उपचार हेतु भर्ती करा दिया गया है। वहीं दूसरी ओर बाइक चालक को भी चोट आई है। समाचार लिखे जाने तक बाइक चालक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।



रमजान मुबारक

छब्बीसवां रोजा

आज का इफ्तार - 6.19 बजे

कल की सेहरी - 4.20 बजे

## आईसीएमआर व राष्ट्रीय पोषण संस्थान चलाएगा अभियान

# कुपोषण के साथ मोटापे को लेकर सरगुजा में अखिल भारतीय सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में कुपोषण के साथ ही मोटापे के कारण होने वाली परेशानियों का पता लगाने के लिए अखिल भारतीय सर्वे किया जाएगा। सर्वे के लिए प्रदेश के छह जिलों में सरगुजा के राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज अस्पताल का चयन किया गया है। आईसीएमआर व राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) हैदराबाद द्वारा जिले के 27 गांव में सर्वे का कार्य किया जाएगा। सर्वे को लेकर छह सदस्यीय टीम सरगुजा पहुंच चुकी है इसके साथ ही हमर लैब में सेटअप तैयार किया गया है। टीम जिले के गांव में जाकर कैम्प लगाएगी और सैंपल लेकर हमर लैब के साथ ही हैदराबाद में भी सैंपल को भेजकर जांच की जाएगी। कुपोषण आज देश में सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। कुपोषण के कारण लोगों को कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है इसके साथ ही लोगों में मोटापा भी तेजी से फैल रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार मोटापा अपने आप में एक बीमारी है लेकिन मोटापा आने के बाद बीपी, शुगर सहित अन्य तरह की बीमारियां आती है। ऐसे में कुपोषण व मोटापा को लेकर अखिल भारतीय स्तर पर सर्वे कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि भारत सरकार ने एक व्यापक राष्ट्रीय स्तर के आहार सर्वेक्षण डाइट एन्ड बायोमार्कर्स सर्वे इंडिया (डीएबीएस-1) की शुरुआत की है जो भारत में अल्प पोषण की लगातार समस्या को कम करने और अधिक वजन, मोटापे की बढ़ती महामारी को रोकने के लिए भोजन आधारित हस्तक्षेपों के लिए महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण अंतराल को परिभाषित करेगा। आईसीएमआर व राष्ट्रीय पोषण संस्था (एनआईएन) हैदराबाद द्वारा तीन चरणों इसका आयोजन किया गया है। प्रत्येक चरण में 12 राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश का चयन किया गया है जिसमें प्रमुख पोषण संकेतकों के अनुमानों के लिए 36 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है।

**खास बात**

- सरगुजा में 27 गांव का चिन्हांकन, राष्ट्रीय स्तर पर मेडिकल कॉलेज का चयन



सर्वे टीम के साथ मेडिकल कॉलेज के अधिकारी।

### प्रदेश में छह जिलों का चयन

राष्ट्रीय स्तर के आहार सर्वेक्षण डाइट एन्ड बायोमार्कर्स सर्वे इंडिया के लिए छत्तीसगढ़ के भी छह जिलों का चयन किया गया है। इनमें सरगुजा के साथ ही बिलासपुर, महासमुंद, रायगढ़ एवं दंतेवाड़ा सहित अन्य शामिल है। इन जिलों में वर्ष 2011 जनगणना के अनुसार परियोजना को संचालित किया जा रहा है। जिसके लिए आईसीएमआर व एनआईएन द्वारा एक प्रशिक्षित परियोजना स्टाफ का गठन किया गया है जो अभी सरगुजा जिले के 27 गांव में सर्वे कर रही है।

#### क्या है उद्देश्य

डीएबीएस-1 का उद्देश्य एनीमिया की व्यापकता और आहार की पर्याप्तता-अपर्याप्तता का सही अनुमान लगाना है। इस सर्वे के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आईसीडीएस, एमडीएम और अन्य सरकारी पूरक कार्यक्रमों (पीडीएस) के लिए पोषण मानदंडों को तय करने में मार्गदर्शन करेंगे। यह सर्वेक्षण पहली बार विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों से पके और बिना पके खाद्य पदार्थों पर पोषक तत्व संरचना डेटा भी प्रदान करेगा।

#### सरगुजा पहुंची टीम

छत्तीसगढ़ राज्य में इस परियोजना को संचालित करने के लिए जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर के कम्यूनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट से डॉ. मिनी शर्मा (नोडल ऑफिसर), एनआईआरटीएच जबलपुर से डॉ. राकेश भारती (रिजनल मॉनिटरिंग ऑफिसर) तथा डॉ. युवराज जायसवाल (प्रोजेक्ट जूनियर मेडिकल ऑफिसर) के साथ परियोजना स्टाफ की पूरी टीम सरगुजा पहुंच चुकी है। टीम द्वारा मिशन मोड में यह सर्वेक्षण किया जा रहा है। टीम गांव में कैंप लगाकर सैंपल लेगी और हमर लैब में लगाए गए सेटअप में जांच के साथ ही सैंपल को हैदराबाद भी भेजा जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज में ली गई बैठक

कुपोषण व मोटापा को लेकर होने वाले सर्वे के लिए आज राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कॉलेज प्रबंधन के साथ ही टीम के अधिकारियों ने सर्वे व योजना के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। बैठक में अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ती, अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, विभागाध्यक्ष बायोकेमेस्ट्री डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव, सह प्राध्यापक पैथोलॉजी डॉ. विशाल कुलकर्णी, डॉ विकास पाण्डेय, डॉ. अरविन्द कुमार सिंह शामिल हुए। बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर उक्त सर्वेक्षण के सुचारू रूप से संचालन हेतु डॉ. विकास पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक पैथोलॉजी विभाग को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया।

### लाभकारी होगा सिद्ध

इस सर्वेक्षण के क्रियान्वयन से इलाज की गुणवत्ता बढ़ेगी एवं जांच रिपोर्ट तत्परतापूर्वक उपलब्ध कराने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

-डॉ. आर सी. आर्या, अधीक्षक

### बीमारियों की रोकथाम में मिलेगी मदद

अखिल भारतीय सर्वे में राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को शामिल किया जाना गौरव का विषय है। इससे कुपोषण एवं मोटापे पर शोध एवं संबंधित बीमारियों के रोकथाम में मदद मिलेगी।

-डॉ. रमणेश मूर्ती
अधिष्ठाता

# बोर्ड परीक्षा में पास करने के नाम पर बच्चों के पास आ रहे फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शातिर अपराधी लोगों से ठगी करने का नया नया तरीका अपनाते रहते रहे है। इस बार ठगों ने बोर्ड परीक्षा देने वाले बच्चों को निशाना बनाया है। ठग बच्चों को फोन कर पहले फेल होने का भय दिखा रहे है और फिर पास होने के नाम पर पैसों की ठगी कर रहे है। ऐसा ही एक मामला सरगुजा जिले के मैनपाट क्षेत्र से भी सामने आया है। ग़नीमती रही कि समय रहते छात्रा और उसके परिजन सतर्क हो गए अन्यथा वे ठगी के शिकार हो जाते। बता दें कि बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होने के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य जारी है। केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के बीच उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है लेकिन इस बीच कुछ बच्चों के पास ऐसे फोन कॉल आ रहे जो हैरान करने वाले है। बच्चों को बोर्ड का अधिकारी बनकर फोन किया जा रहा है और उन्हें बताया जा रहा कि वे फेल हो दो विषय में फेल है। बच्चों को परीक्षा में पास करने के साथ ही अच्छे अंक दिलाने के नाम पर झांसे में लिया जा रहा है और झांसे में आने के बाद खुलेआम पैसों की मांग की जा रही है। मैनपाट विकासखंड के ग्राम पेट में रहने वाली एक बच्ची के पास ही एक ऐसा ही फोन आया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने एक दिन पहले फोन और मैसेज मैसेज कर छोड़ दिया था। जब बच्ची ने पुनः उस नंबर पर रिप्लाई किया तो फोन उठाने वाले व्यक्ति ने खुद को बोर्ड का अधिकारी बताया। अधिकारी बात करते समय अपने आप को काफी व्यस्त दिखा रहा है। इस दौरान उसने बच्ची को बताया कि वह दो विषय में फेल हो गई है पास होने के लिए पैसे लगेंगे। जब बच्ची ने पूछा कि कितने रुपए लगेंगे तो उसने पांच हजार रुपए की मांग करते हुए कहा कि महज एक दिन का समय शेष बचा है। जब बच्ची ने कहा कि गरीब किसान परिवार से आती है और पैसे कम करने की बात की तो अधिकतम 3 हजार रुपए देने पर सौदा तय हुआ। तीन हजार रुपए में दो विषयों में पास करने के साथ ही 70 प्रतिशत अंकों प्रदान करने का झांसा देते हुए फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना फोन पे नंबर भी बच्ची को देते हुए तत्काल पैसे खाते में जमा कराने की बात कही। हालांकि गनीमत रही कि समय रहते बच्ची और उसके परिजन को ठगी का एहसास हो गया और वे ठगी के शिकार होने से बच गए लेकिन इस तरह से ठगों द्वारा अनेकों लोगों को फोन कर अपने झांसे में लिया गया होगा। ऐसे में जरूरी है कि शिक्षा विभाग के साथ ही पुलिस प्रशासन बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाए और उन्हें ठगी का शिकार होने से बचा सके।

- परीक्षा में फेल होने का दिखा रहे भय, प्रतिशत बढ़ाने का दे रहे झांसा

### जागरूक रहने की जरूरत

इस तरह के घटना की जानकारी अब तक नहीं मिली है। यदि शिकायत की जाती है तो कार्रवाई होगी। इसके साथ ही बच्चों को जागरूक रहने की जरुरत है अन्यथा वे ठगी के शिकार हो सकते है। यदि किसी के पास इस तरह के फोन आ रहे है तो वे तत्काल नजदीकी थानों में जाकर सूचना दे सकते है।

-अलोक शुल्का
डीईओ सरगुजा

# छात्राओं के अपहरण मामले में एक आरोपी समेत छह परिवारों को नोटिस

**अंबिकापुर।** दो स्कूली छात्राओं भगाकर ले जाने के मामले में अब प्रशासन ने आरोपी युवक के साथ ही विशेष समुदाय के छह परिवारों के घरों पर नोटिस चस्पा कर दिया है। जारी किए गए नोटिस में आदिवासी जमीन को गैर आदिवासी के नाम पर दर्ज करने के मामले अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके साथ ही क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

बता दें कि लुंड्रा विकासखंड रघुनाथपुर से मंगलवार को स्कूल गई कक्षा नवमीं में पढ़ने वाली दो नाबालिग छात्राओं को स्कूल के कक्षा 11वीं में पढ़ने वाले विशेष समुदाय के दो युवक अपने साथ भगाकर रांची ले गए थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। गनीमत रही कि एसपी विजय अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस ने रात 10.30 बजे रांची से छात्राओं को बरामद करने के साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और बुधवार की सुबह छात्राओं को परिजन के सुपुर्द कर दिया। इस घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने आरोपियों के घरों पर पत्थरबाजी की थी। घटना के बाद से क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। बुधवार को भी नगर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा और लोगों ने अपनी दुकानें बंद कर एनएच पर प्रदर्शन किया। कड़ी मशक्कत व समझाइस के बाद मामला शांत हुआ जिसके बाद पुलिस ने 19 वर्षीय इस्तियाक आलम एवं 20 वर्षीय इंजमामूल हक़ अंसारी को धारा 363, 366 (क), 354, 354 (क), 354 (घ), 506 के साथ पॉक्सो एक्ट एवं एससी, एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के बाद तनाव को देखते हुए दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

- आदिवासी जमीन को निजी मद में दर्ज करने की जांच शुरू, क्षेत्र में तैनात है पुलिस बल



### नोटिस जारी कर मांगा जवाब

अब इस मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। प्रशासन ने आरोपियों के घर व जमीनों की जांच शुरू की है। प्रशासन की ओर से तहसीलदार ने एक आरोपी इंजमामूल हक के पिता ईसराइल सहित पांच अन्य के घरों में तहसीलदा ने नोटिस चस्पा कर जमीनों के कागजात मांगे हैं। तहसीलदार की नोटिस में उल्लेख है कि वे सायरराईं की जिस जमीन पर काबिज हैं, उक्त भूमि खसरा क्रमांक 474 रकबा 2.15 एकड़ भूमि सेटलमेंट रिकार्ड में कुठार उरांव के नाम पर दर्ज थी। आदिवासी वर्ग के उक्त भूमि किस प्रकार गैर आदिवासी के नाम पर आई, इसका समस्त अभिलेख आज मंगाया गया था। मंगलवार तक की मोहलत जिन छह परिवारों को नोटिस जारी किया गया है उनमें रेयाज अहमद, कुदुस, नजमा, समीना, कलामुद्दीन, इसराइल शामिल हैं। तहसील न्यायालय में कागजात पेश करने के लिए मोहलत मांगे जाने पर तहसीलदार ने उन्हें मंगलवार तक का नोटिस जारी किया है। सरगुजा जिला अनुसूचित क्षेत्र है एवं किसी भी आदिवासी की जमीन गैर आदिवासी के नाम पर 1956 के बाद नामांतरण पर रोक है। इस कारण तहसीलदार ने छह परिवारों को नोटिस भेजा है। एक अन्य आरोपी के परिवार के जमीनों की भी जांच शुरू कर दी गई है। वहीं दोनों आरोपियों के घरों के बाहर ऐहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

### प्रदेश सरकार हितग्राहियों में राशन कोटे में डकैती डालने की कर रही तैयारी : राकेश

**अम्बिकापुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने प्रदेश की विष्णुदेव सरकार पर राशन में कटौती किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव सरकार क्या प्राथमिकता हितग्राही वाले राशन उपभोक्ताओं को आबंटित होने वाले राशन के कोटे में डकैती डालने की तैयारी कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार का नया राशन कार्ड इसी ओर इशारा कर रहा है। पुरानी व्यवस्था के अनुसार प्राथमिकता हितग्राही वाले परिवारों को न्यूनतम 35 किलो राशन देने का प्रावधान था। ऐसे परिवारों को 5 सदस्यों से अधिक सदस्यों की वृद्धि होने पर प्रति सदस्य 7 किलो राशन दिया जाता था लेकिन नये राशन कार्ड जिसके ऊपर प्रधानमंत्री की फोटो लगी है के पिछले कवर पर निर्देशों की कंडिका को देख कर ऐसा प्रतीत होता है कि राशन के न्यूनतम कोटा जो 35 किलो होता था की सीमा को समाप्त कर परिवार के सदस्यों की संख्या के आधार पर राशन आबंटित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था में परिवार में सदस्यों की संख्या यदि 3 भी है तो भी उस परिवार को न्यूनतम 35 किलो राशन दिया जाता था लेकिन नए राशन कार्ड के अनुसार तो परिवार के प्रति सदस्य को 5 किलो के आधार पर गणना कर राशन दिया जायेगा। उदाहरण के लिये यदि एक परिवार जिसमें 5 सदस्य हैं तो राशनकार्ड के निर्देशों के अनुसार उसे माहभर में मात्र 25 किलो राशन का चावल प्राप्त होगा। जबकि पुराने राशनकार्ड में ऐसे सदस्य संख्या की सीमा नहीं थी। बिना सदस्यों की संख्या की गणना किये परिवार को एकमुश्त 35 किलो चावल दिया जाता था। 5 से अधिक सदस्य होने पर प्रति सदस्य 7 किलो के हिसाब से राशन के चावल का कोटा बढ जाता था।

- कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर लगाए आरोप, पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग

# बैसाखी के उपलक्ष्य पर पंजाबी युवाओं ने खेला क्रिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य पर पंजाबी युवा समिति द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में सरगुजा के साथ ही विश्रामपुर व पत्थलगांव से सिख समाज व सिंधी समाज की सात टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा अंबिकापुर के पदाधिकारी एवं पंजाबी युवा समिति के पदाधिकारी सक्रिय रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 2 अप्रैल को स्टेडियम ग्राउंड में खेला गया। इस रोमांचक मैच में पहले खेलते हुए 12 ओवर के मैच में गुरु नानक इलेवन की टीम ने 12 ओवर में 152 रन बनाएं। दूसरे ओवर में अकाल पूरख की फौज ने पीछा करते हुए 11.5 ओवर में ही एक गेंद शेष रहते लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपए और रन अप टीम को 5000 का नगद इनाम दिया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा ने युवाओं को अच्छे स्वास्थ्य के खेलों के प्रति जागरूक होने पर बल दिया और बैसाखी पर्व पर अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष सरदार हरप्रीत सिंह पबियाल और उनकी टीम सक्रिय रही।

- सिख व सिंधी समाज की सात टीमों ने लिया हिस्सा



## पैतृक जमीन के राजस्व रिकार्ड में नाम चढ़ाने के नाम पर मांगे थे 5 हजार रुपए, रामानुजनगर के गोविंदपुर का मामला

# एसीबी की कार्रवाई: राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने के नाम पर 3 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सूरजपुर

फौती नामांतरण चढाने व राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने के नाम पर 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एसीबी ने पटवारी को पकड़ा है। सूरजपुर जिले के रामानुजनगर हल्का पटवारी राम गोपाल साहू द्वारा पैतृक भूमि का राजस्व रिकार्ड दुरस्त करने के नाम पांच हजार रुपए की मांग की थी। ऐसे में ग्रामीण ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी।

एसीबी द्वारा जांच उपरांत आज पटवारी को एसबीआई सूरजपुर प्रांगण में रंगे हाथों धर दबोचा। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के रामानुजनगर ग्राम गोविंदपुर निवासी 39 वर्षीय सुनील कुमार सिंह आ. स्व. दशरथ सिंह की गांव में पैतृक भूमि है जिसका खसरा नंबर 1912, 2350, 2392, 2445, 2465, 2469 कुल रकबा 0.810 हेक्टयर है। उक्त भूमि युवक के पिता स्व. दशरथ व माता श्रीमती देवचरनी के नाम पर थी माता और फिर पिता का देहांत हो चुका है। ऐसे में सुनील कुमार सिंह द्वारा पैतृक भूमि में फौती चढ़ाकर युवक का नाम राजस्व रिकार्ड में दुरुस्त करने का आवेदन लगाया गया था। राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने के लिए आवेदन लगाए जाने बाद रामानुजनगर गोविंदपुर के हल्का पटवारी नंबर 2 राम गोपाल साहू द्वारा रिकार्ड दुरुस्त करने के नाम पर पहले 5 से 10 रुपए रिश्वत की गई। पटवारी ने पैसा देने पर ही पैतृक भूमि का रिकॉर्ड दुरुस्त करने की बात कही थी। ऐसे में युवक ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो उप पुलिस अधीक्षक से की थी। शिकायत के बाद एसीबी द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। शिकायत के बाद एसीबी डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में टीम शिकायत का सत्यापन कराया गए। इस दौरान सुनील कुमार सिंह ने जब पटवारी रामगोपाल साहू से बात की और मोलभाव के बाद 5 हजार रुपए देने पर ही राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने की बात कही गई।




पटवारी को ले जाते एसीबी के अधिकारी।

### ले चुका था 2 हजार रुपए

एसीबी के अनुसार पटवारी द्वारा राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने के नाम पर 5 हजार रुपए में सौदा तय किया गया और 2 हजार रुपए लिया गया व शेष बचे 3 हजार रुपए की मांग लगातार की जा रही थी। 3 हजार रुपए लिए बिना पटवारी काम करने को तैयार नहीं था ऐसे में आज एसीबी द्वारा ट्रैप कार्रवाई के तहत पटवारी को शेष 3 हजार रुपए देने के लिए बुलाया गया था। सूरजपुर भारतीय स्टेट बैंक कार्यालय परिसर में एसीबी की टीम ने पटवारी को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी डीएसपी प्रमोद खेस ने बताया कि सूरजपुर जिले के रामानुजनगर ग्राम तेलईमुदा पटवारी व गोविंदपुर प्रभारी पटवारी राम गोपाल साहू को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया। आरोपी पटवारी के खिलाफ धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, (यथा संशोधन 2018) के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।





# सलमान ने नहीं छोड़ी द बुल, फिर शुरू होगी शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने करण जौहर के साथ बनने वाली फिल्म द बुल से अपने कदम वापस खींच लिए हैं। गौरतलब है कि 1998 में रिलीज हुई करण जौहर की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान खान का एक्सटेंडेड कैमियो था। अब इस फिल्म के 25 साल बाद करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की फिल्म द बुल में सलमान खान की कास्टिंग की है। पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है।

लाइफ Style



# उर्वशी

## ट्रोल होने पर दी सफाई

मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड को लेकर कंट्रोवर्सी में आईं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सफाई पेश की है और कहा कि उन्होंने ऐड में जो कुछ भी बोला गया, वह स्क्रिप्ट का हिस्सा था। एक्ट्रेस हाल ही में एक मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड में नजर आईं। वीडियो में, उर्वशी एक्टर्स, बिजनेसमैन, सिंगर्स और क्रिकेटर्स के बारे में बात करती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

उर्वशी कहती हैं, मैं तमाम लोगों से मिली, जिनमें बिजनेसमैन, एक्टर और कुछ क्रिकेटर्स भी हैं। कई तो ऐसे हैं जो मेरी हाइट के नहीं हैं। इस ऐड को फैंस ने क्रिकेटर ऋषभ पंत से जोड़ दिया और एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वशी ने वीडियो में बिना नाम लिए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का मजाक उड़ाया है। अब एक्ट्रेस ने सभी ट्रोलर्स का मुंह बंद करने के लिए सफाई पेश की। उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह ब्रांड द्वारा दी गई कॉमन स्क्रिप्ट है, न कि किसी की ओर इशारा, पॉजिटिविटी फैलाओ। जिम्मेदार होने के नाते, मैं समझती हूं कि ब्रांड के एंबेसडर के रूप में लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ सकता है। वर्कफ्रंट के मुताबिक, उर्वशी इन दिनों यो यो हनी सिंह के साथ 'लव डोज 2.0' के सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं और प्रोजेक्ट 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) के लिए तैयारी कर रही हैं, जहां वह एक कॉलेज राजनेता की भूमिका निभा रही हैं।

एक्ट्रेस के पास अक्षय कुमार की 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'एक्सपेंडेबल्स का रीमेक) और रणदीप हुड्डा के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' जैसे प्रोजेक्ट भी हैं।

हॉलीवुड मसाला




# अरबपतियों की लिस्ट में हुई शामिल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने 1.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहली बार फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची में प्रवेश किया है। टेलर स्विफ्ट, केवल अपने गीतों और प्रदर्शन के आधार पर अरबपति का दर्जा हासिल करने वाली पहली संगीतकार हैं, जिनकी अनुमानित कुल संपत्ति $1.1 बिलियन है। टेलर की नेटवर्थ करीब 35 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। अपने व्यापक गीत लेखन कैटलॉग के अलावा, टेलर स्विफ्ट ने इतिहास में पहला अरब डॉलर का दौरा भी आयोजित किया है।



# मेगन ने प्लास्टिक सर्जरी पर किया खुलासा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार मेगन फॉक्स ने बताया कि उन्होंने कौन-कौन सी प्लास्टिक सर्जरी करवाई और कब। वह बोलीं, 'जब मैं 21 या 22 साल की थी तब मैंने अपने ब्रेस्ट की सर्जरी करवाई थी। मैंने बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग करवाने के बाद इनकी दोबारा सर्जरी करवाई। इसके बाद अब हाल ही मैंने सर्जरी इसलिए करवाई क्योंकि मेरी बॉडी पर इतना फैट नहीं था कि इम्प्लांट को छुप सके। इसलिए मुझे बदलवाकर ऐसे इम्प्लांट लगवाने पड़े, जो सेट हो सकें।' उन्होंने बताया, मैंने कभी भी किसी भी तरह का फेस लिफ्ट नहीं करवाया। न कोई मिड लिफ्ट और ना ही लेटरल ब्रो लिफ्ट। हालांकि मैं एक रेगुलर आइब्रो लिफ्ट चाहूंगी या शायद नहीं भी। मैंने कभी थ्रेडिंग नहीं करवाई और मैंने उस पर काफी रिसर्च भी किया है। मुझे ऐसा लगता है कि इसका कोई फायदा नहीं है।



# सिटाडेल में अलग तरह का एक्शन : सामंथा

**मुंबई।** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगामी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बन्नी' और 'द फैमिली मैन' को लेकर कहा कि इनमें एक्शन बहुत अलग तरह का है। सामंथा ने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार में जो एक्शन सीन किए, उसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली है। अपने द्वारा किए गए स्टंट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने सीन की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की। सामंथा ने कहा, मैंने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार के लिए जो किया, वह एक्शन के मामले में बहुत अलग है। मैं 'सिटाडेल' में एक्शन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह कुछ ऐसा है जो मैं अपने किरदार राजी के लिए चाहती थी। सीरीज में कुछ मुख्य आकर्षण एक्शन बिट्स हैं और मैं वास्तव में उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं।



# शाहिद ने किया देवा का नया पोस्टर शेयर

**मुंबई।** शाहिद कपूर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर में से एक हैं। चाहे वह उनका लुक हो, उनकी एक्टिंग स्किल्स और धमाकेदार डांस स्टेप्स इसे दर्शकों के लिए और अधिक लुभावना बनाते हैं। अब अपनी आगामी फिल्म देवा के बारे में शाहिद कपूर ने पोस्ट शेयर किया, एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म देवा से तस्वीरें शेयर कीं। जिसे देख कर फैंस अपना उत्साह नहीं रोक सके और कमेंट बॉक्स में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, 'डेंजरस लग रहे हैं देवा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आग बोले तो देवा'। शाहिद हाल ही में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। यह फिल्म एक अजब प्रेम कहानी को दर्शाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दायरे में उतरती है।

# प्रियंका की नई फिल्म टाइगर की रिलीज डेट आई सामने



मुंबई। ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आए दिन खबरों में बनी रहती हैं। इस बीच अब प्रियंका ने अपने नए प्रोजेक्ट की रिलीज डेट की घोषणा की, जिसका नाम 'टाइगर' है। इस फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार अंबा नाम की बाघिन को अपनी आवाज दी है। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म टाइगर का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया हैं, जो कि भारत के जंगलों पर आधारित हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, अंबा है एक कालातीत विरासत वाला बाघ। वह अपने शावकों की इतने प्यार से देखभाल करती है कि मां और बच्चे के बीच का खूबसूरत रिश्ता इतने शानदार ढंग से चमकता है। इस खूबसूरत परिवार पर 8 साल तक इस फिल्म की शूटिंग की गई। प्रियंका ने कहा, इस अविश्वसनीय कहानी को अपनी आवाज देने और इस फिल्म के माध्यम से जंगलों की खोज करने में मुझे बहुत मजा आया।



# साइलेंस 2 का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** एक्टर मनोज बाजपेयी इस समय अपनी बैक टू बैक फिल्मों को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। एक्टर बहुत जल्द फिल्म 'भैया जी' और 'साइलेंस 2' में नजर आने वाले हैं। इस बीच अब मनोज बाजपेयी की फिल्म 'साइलेंस 2' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया हैं। जिसमें एक्टर एसीपी अविनाश वर्मा की भूमिका फिर से निभाते हुए नजर आ रहे हैं। साइलेंस 2 के ट्रेलर की शुरुआत मनोज बाजपेयी की आवाज से होती है, जिसमें वह एक दोहा कह रहे हैं। इसके बाद फिर एक हत्या होती है और मामला जांच के लिए उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट को सौंप दिया जाता है जांच के दौरान काफी शव मिलते हैं और हत्यारा फरार हो जाता है।

# हीरामंडी का गाना तिलस्मी बाहें रिलीज, सोनाक्षी ने दिखाईं अदाएं

मुंबई। संजय लीला भंसाली की आगामी सीरीज 'हीरामंडी' का एक और गाना बुधवार को रिलीज हो गया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा दर्शकों पर जादू चलाती नजर आ रही हैं। सीरीज का पहला गाना 'सकल बन' काफी पसंद किया गया। आज दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' भी सामने आ चुका है। 'तिलस्मी बाहें' गाने को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा अपने अभी तक के सबसे अनोखे अवतार में नजर आईं हैं। 'तिलस्मी बाहें' में 'फरीदन' के रोल में सोनाक्षी सिन्हा ने मुजरे को फिर से जिंदा कर दिया है। इस गाने में शिमरी गोल्डन रंग की साड़ी पहने हुए सोनाक्षी सिन्हा एक महफिल में बैठकर गाना शुरू करतीं हैं, जिसमें कई लोग उनके आसपास नजर आ रहे हैं। जहां लोग उनकी खूबसूरती पर फिदा नजर आ रहें हैं, वहीं फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) कभी टेबल पर डांस करतीं हैं, तो कभी किसी की बाहों में अपने डांस मूव्स करके लोगों को मदहोश करती दिखाई दीं। इस गाने को शर्मिष्ठा चटर्जी ने अपनी आवाज दी है।



### 1960 में बंगाली फिल्मों से दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था डेब्यू

# शर्मिला ने किया फिल्मों में अपनी पहली फीस का खुलासा

एजेंसी ⏭ मुंबई

शर्मिला टैगोर सिनेमा की दुनिया में वो नाम हैं, जिनकी खूबसूरती और अदाकारी के चर्चे तब भी थे और आज भी उनकी शालीनता मन मोह लेती है। सैफ अली खान मां शर्मिला टैगोर तब महज 14 साल की थीं, जब उन्होंने फिल्मों में डेब्यू किया था। दो बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी एक्ट्रेस को पहला मौका दिग्गज फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने अपनी बंगाली फिल्म 'देवी' में दिया था। भारत सरकार से 2013 में पद्म भूषण सम्मान पा चुकी शर्मिला ने अपने एक नए इंटरव्यू में फिल्मों की फीस को लेकर मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने अपनी पहली फीस भी बताई है और ये भी कि उसे उन्होंने कहां खर्च किया था।



## पहली फीस से खरीदे थे गहने

अपनी पहली कमाई के खर्च का ब्योरा देते हुए शर्मिला टैगोर ने बताया, 'एक बंगाली परिवार से होने के नाते, पैसे मिलते ही हम सोने-चांदी की दुकान पर गए। हमने सोने की चूड़ियां खरीदीं, एक हार खरीदा और बालियां खरीदीं। हालांकि पैसे कम थे, लेकिन तब चीजें इतनी महंगी भी नहीं थीं। शर्मिला टैगोर ने आगे बताया कि उनकी शुरुआती बंगाली फिल्मों के दौरान उन्हें लगभग 10 हजार-15 हजार रुपए फीस के तौर पर मिलते थे। लेकिन उनकी पहली हिंदी फिल्म के लिए उन्हें 25 हजार रुपए फीस मिली थी। साल 1964 में उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कश्मीर की कली' थी, जिसका निर्देशन शक्ति सामंत ने किया था।

## पहली फिल्म के लिए मिले थे 5 हजार साड़ी और घड़ी

शर्मिला कहती हैं, 'मैंने काफी कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, तब फीस उतनी शानदार नहीं थी जितनी अभी है, लेकिन तब चीजों की कीमत भी इतनी अधिक नहीं थी। अपनी पहली फीस के बारे में बताते हुए शर्मिला ने कहा, मेरे पिता पैसों में कोई दिलचस्पी नहीं रखते थे, लेकिन सत्यजीत रे ने जोर दिया था। उन्होंने फिर भी तब मुझे एक साड़ी दी, एक घड़ी दी और 5 हजार रुपए दिए।

## डायरेक्टर ने कहा- मैं आपको जमीन खरीदकर दे देता हूं

शर्मिला टैगोर याद करते हुए बताती हैं कि उन्हें शक्ति आनंद की दो फिल्मों के लिए 25-25 हजार रुपए मिलने थे, लेकिन डायरेक्टर ने उन्हें तब दूसरी फिल्म के लिए फीस के बदले एक जमीन खरीदकर देने की पेशकश की। दिग्गज एक्ट्रेस ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हें पैसे देने के बजाय क्यों ना मैं तुम्हें थोड़ी जमीन दे दूं, जो विले पार्ले है। मैंने कहा इस पर कहा कि क्या आप पागल हो? क्या मैं इस दलदल में आकर रहने वाली हूं? यह 1963 की बात है।

## 3 लाख में खरीदा पहला अपार्टमेंट

'वक्त' और 'अनुपमा' जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाली शर्मिला बताती हैं कि उन दिनों उन्होंने मुंबई में अपार्टमेंट तक नहीं लिया था। वह कुछ साल तक ताज महल होटल में रहीं, क्योंकि वहां उन्हें साफ-सफाई यानी हाउसकीपिंग की चिंता नहीं थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'कुछ वर्षों के बाद, जब मुंबई ही मेरा ठिकाना बन गया, तब अपना पहला अपार्टमेंट 3 लाख रुपए में खरीदा। तब इसके लिए पैसे जमा करने में खूब स्ट्रगल करना पड़ा था। रुपए की व्यवस्था करना बहुत कठिन काम था, क्योंकि उस समय हम बहुत ज्यादा टैक्स चुका रहे थे, इसलिए पैसे बचाने की कोई गुंजाइश नहीं थी।

4 Ambikapur-BHOOMI- pg 3-0_Layout 1 4/4/2024 9:45 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### प्रशिक्षण में विधायक ने भाजपाइयों को दिया जीत का मंत्र

**सीतापुर।** लोकसभा चुनाव में जीत का परचम लहराने भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अग्रसेन भवन में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक रामकुमार टोप्पो ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सभी भाजपा के अनुशासित सिपाही है। जो हर विषम परिस्थिति में भी भाजपा के साथ खड़े होकर पार्टी को मजबूती प्रदान किया है। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को हम सभी को गंभीरता से लेना है। विधायक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसान, मजदूर, युवाओं के साथ महिलाओं के लिए कई योजना शुरू की है। जिसका लाभ सभी को मिल रहा है और लोग इससे लाभान्वित हो रहे है। देश की उन्नति एवं विकास के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं रोजगार के लिए केंद्र सरकार ने काफी कुछ किया है। प्रदेश में भी सरकार बनने के बाद मोदी की गारंटी के तहत भाजपा की सरकार ने जनता से किए गए वादे पूरे किए है। इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अफसाना को 90.8 फीसदी अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान



**लखनपुर।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 की अफसाना परवीन पिता निजामुद्दीन डीएवी पब्लिक स्कूल के कक्षा 7 वीं में 90.08 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अफसाना इस सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों और माता-पिता को दिया है। भविष्य में अफसाना डॉक्टर बनना चाहती है।

### राजकुमार गुप्ता की अंत्येष्टि में पहुंचे पूर्व मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम



**चलगली।** वाड्रफनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कच्छीया निवासी राजकुमार गुप्ता का निधन मुंबई में उपचार के दौरान हो गया। उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम कच्छीया में किया गया। श्री गुप्ता की निधन की खबर गांव में फैलते ही पूरा गांव गमगीन हो गया। उनके अंत्येष्टि में भारी तादाद में लोग एकत्रित हुए अंतयष्टि में पहुचे पूर्व मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने कहा कि राजकुमार गुप्ता बहुत ही सरल स्वभाव के थे तथा कांग्रेस के कर्मठ नेता थे। राजकुमार गुप्ता की क्षेत्र में एक अलग ही पहचान थी। श्री गुप्ता 77 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली, मुखाग्नि उनके भतीजे शैलेश गुप्ता ने दिया।

## आधे-अधूरे निर्माण कार्य ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

# विकासखंड बतौली के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल-जल योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

**खास बात**
- नल जल योजना से ग्रामीण वंचित

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन का विस्तार कर घरो में नल कनेक्शन लगाए जा रहे है। हैरानी की बात यह है कि विकासखंड बतौली क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया गया परंतु आज तक नल कनेक्शन लगाए का काम पूरा नहीं हो सका। इधर ग्रामीणों के घर के सामने नल व चबूतरा का बना दिया गया परंतु पानी सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित है। ऐसे में ठेकेदार की मनमानी व अधिकारियों की उदासीनता रवैया का खामियाजा ग्रामीणों न सिर्फ भुगतना पड़ रहा है। लंबे समय बाद भी नल जल योजना के तहत कार्य पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों में काम लगभग दो साल पूर्व से ही शुरू कर दिया गया है लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता एवं ठेकेदारों के मनमानी रवैया के कारण आज तक ग्रामीणों के घरों तक पेयजल के लिए नल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। इधर ग्रामीण घटिया निर्माण व कछुआ गति से चल रहे काम को लेकर काफी आक्रोशित है। सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ ब्लाक में कही भी किसी पंचायत में सही ढंग से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। गौरतलब है कि बतौली विकासखंड अंतर्गत पोकसरी, सेदम, कपाटबहरी, बालमपुर, सुवारपारा, बासेन, मंगारी सहित कई ग्राम पंचायतों में आज तक काम पूरा नहीं हो सका जिससे आधे-अधूरे काम होने से क्षेत्र के ग्रामीण नल जल योजना का लाभ से वंचित है। ग्राम पंचायत सुवारपारा में पांच वर्ष पूर्व पीएचई विभाग द्वारा 26 लाख की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा था जो ठेकेदार के लापरवाही से अब तक पूरा नहीं हुआ है आज भी निर्माणाधीन टंकी में बाँस और सेंट्रिंग प्लेट लटका हुआ है। विभाग की लापरवाही का परिणाम स्वरूप यह अधूरा निर्माण अगल-बगल निवासरत और मिडिल स्कूल प्राथमिक शाला तथा आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है।



निर्माणाधीन पानी टंकी।



चबूतरा के नल में बांधी गए मवेशी।

**गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य**

जल जीवन मिशन योजना के तहत अधिकांश गांवों में जो काम चल रहा है। ग्रामीणों ने कराए जा रहे निर्माण को न सिर्फ घटिया बताया कि बल्कि गुणवत्ताहीन कराने का आरोप लगाया है। पानी सप्लाई के लिए बन रहे पानी टंकी,नल कनेक्शन एवं पाईप के गुणवत्ता को लेकर गांव के लोग असन्तुष्ट है।

**चबूतरा बना शो पीस**

विकासखंड बतौली क्षेत्र में नल जल योजना का काम शुरू होने तथा घरों के सामने नल के साथ चबूतरा का निर्माण करने से ग्रामीणों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने की आस जगी। हैरानी की बात यह है कि चबूतरा के साथ नल तो लगा दिया गया परंतु पेयजल सप्लाई नहीं होने से चबूतरा महज शो पीस बन कर रह गई है। आलम यह है कि अब ग्रामीण निर्माण कराए गए चबूतरा को उपयोग पेयजल नहीं होने पर मवेशियों को बांध के उपयोग कर रहे है।

**जल्द होंगे निर्माण कार्य पूर्ण**

ग्राम पंचायतों में आज भी नल जल योजना का कार्य अधूरा है। इसकी जानकारी नहीं है। जल्द ही अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराई जाएगी जिससे ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ मिल सके।

-कपिल वर्मा
पीएचइ अधिकारी

## कुंए में गिरे किंग कोबरा को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत पोड़ी मोड़ के चंद्रिका कुशवाहा के कुएं में पानी भरने के दौरान लगभग 8 फीट लंबा किंग कोबरा के गिर जाने से सनसनी मच गई। इधर कुआं में पानी भरने गई महिलाओं में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। कुआं में लंबा सांप के गिर जाने से कुतूहल का विषय बना रहा। ज्ञात हो की चंद्रिका कुशवाहा के घर के कुएं में उक्त शाम को देखने पर सांप पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया तथा पानी से निकलने का घंटा प्रयास करता रहा था परंतु गहरा कुआं होने के कारण किंग कोबरा सांप पानी से निकल नहीं सका। इधर तत्काल घटना की जानकारी लोगों ने वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम व ग्रामीणों के मदद से कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सांप का बाहर निकाल जंगल में छोड़ दिया जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



## हाथियों ने दो घरों को तोड़ा फसलों को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा खेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। तीन सदस्यीय हाथियों का दल का आतंक आसपास क्षेत्र के गांव जारी है। वन परिक्षेत्र प्रतापपुर, सर्किल - धरमपुर के ग्राम बगड़ा के जावाखाड़, पीपरडांड़ में 3 हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जारी है। हाथियों ने दो घरों को तोड़ते हुए फसलों को भी नुकसान पहुंया है। ऐसे में पिछले कई दिनों से क्षेत्र के लोग हाथी के उत्पात से सहमे हुए हैं। वन विभाग की भी लापरवाही सामने आ रही है शासन प्रशासन से कई तरह की सहायता मिलने के बाद भी वन विभाग के रेंजर हाथी पर काबू नहीं कर पा सके। जब हाथी गांव में आते है तब पूरी रात ग्रामीण हाथी को भगाने के लिए तत्पर रहते हैं मगर वन विभाग की टीम सिर्फ खानापूर्ति कर हाथी को भगाने का दावा करती हैं। ऐसे में हाथी के गांव में पहुंचने तथा वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के नदारद होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्रतापपुर में सबसे अधिक हाथियों का उत्पात और वन विभाग की लापरवाही देखी जा रही है। हाथियों से जितना मौत प्रतापपुर विकासखंड में हुआ होगा उतना तो कहीं नहीं हुआ है।

## न्योता भोज में जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में अभिभावक हुए शामिल

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर के अंतर्गत माध्यमिक शाला बडगैयापारा पटना में शाला परिवार की ओर से न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि सहित क्षेत्र के लोग शामिल हुए। विदित है कि इन दिनों विकासखंड के कई विद्यालयों में शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों के जन्मदिन, शादी समारोह, शादी सालगिरह एवं अन्य अवसरों के उपलक्ष्य में अपने विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन का किया जा रहा है। वर्तमान में सभी प्राथमिक व माध्यमिक शाला में न्योता भोज कार्यक्रम देखने को मिल रहा है। इसी क्रम माध्यमिक शाला बड़गैयापारा पटना के विद्यालय परिवार की सौजन्य से न्योता भोज का आयोजन ग्राम पंचायत पटना के सरपंच विमला सिंह मराबी,उप सरपंच मिथिलेश्वर सिंह मरावी एवं हाई स्कूल प्राचार्य भगवान राम ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक रामशिरोमणि साहू ,नारायण सिंह ओरकरा, सरिता सिंह, पनमेश्वरी , अरुण जायसवाल, दशरथ यादव , संगिता ओरकरा, यशमतिया, सरला सहित अन्य उपस्थित थे।



**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**
CRGB
भारत सरकार, राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम :
क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर, द्वितीय तल, कुसुमतारा काम्प्लेक्स, न्यु महामाया रोड जिला सरगुजा, छ0ग0,
Telephone: 6232033095, 7067699572, Emall-adv.ro.amb@cgbank.in

**वाहन नीलामी सूचना**

बैंक द्वारा जब्त किए गये निम्नलिखित वाहन की नीलामी " जंहा है जैसा है जो भी है " के आधार पर दर्शायी गयी तिथि एवं स्थान पर किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. | सम्बंधित शाखा का नाम | ऋणी का नाम पता | वाहन का नाम / जानकारी | वाहन का पंजीयन क्रमांक | प्रारक्षित मूल्य रु. | धरोहर राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंबिकापुर | श्री लव दुबे पिता गंगा राम, बिजली ऑफिस के पास, राजेन्द्र नगर, गांधीनगर अम्बिकापुर, तहसील - अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा | HYUNDAI, GRAND I- 10 NIOS1.2 MODEL 2020 | CG15DR 8221 | 315000 | 31500 |
| 2 | रामानुजगंज | श्री श्याम लाल सरोता पिता शिवभजन, ग्राम सलवाही तहसील - रमानुजगंज जिला बलरामपुर. | MARUTI SUZUKI S- PRESSO VXI+ MODEL 2020 | JH01EB 6956 | 207000 | 20700 |
| 3 | सोहगा | श्री महादेव पिता सेवाराम ग्राम कलगसा पोस्ट-दरिमा, तहसील - दरिमा, जिला-सरगुजा, | TRACTOR- ESCORTS MODEL-2009 | CG15A- LTD 9096 | 90000 | 9000 |

**नीलामी स्थल: छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक,क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर. पता- द्वितीय तल, कुसुमतारा, न्यु महामाया रोड, अम्बिकापुर छ.ग. 497001 नीलामी तिथि : दिनांक 15 .04 .2024 समय प्रात: 11 बजे।**

1. यह की इस नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष में धरोहर / अमानत राशि का भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट सहित आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर के पास दिनांक 27/03/24 साय 5 .30 बजे तक जमा करना होगा| 2. आवेदन में शाखा का नाम, वाहन क्र., स्पष्ट रूप से लिखकर बोली राशि अंको एवं शब्दों में लिखकर स्वयं के पहचान पत्र की फोटो कापी सहित. वाहन धरोहर राशि, आदेश / मांग ड्राफ्ट का विवरण आवश्यक रूप से देना होगा | 4. सफल बोली लगाने वाले को विक्रय मूल्य की 25% राशि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष में नगद / भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट द्वारा तुरंत ( 24 घंटे के अन्दर) जमा करना होगा, पूर्व में जमा की गयी राशि को इसमें समायोजित किया जायेगा एवं शेष 75% राशि नीलामी विक्रय की पुष्टि से 15 दिन अथवा उसके पूर्व जमा करना होगा, ऐसा न करने पर उक्त 25राशि जप्त कर ली जाएगी, एवं उक्त वाहन की पुन: नीलामी की जावेगी | 5. नियम एवं शर्तों के अधीन पूर्ण रूपेण सही एवं सर्वाधिक बोली पाय जाने वाली सीलबंद निविदा को सफल घोषित किया जायेगा। अन्य व्यक्तियों के भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट नीलामी के बाद बिना ब्याज के वापस कर दिया जायेगा। निविदा/नीलामी को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार उक्त कार्य हेतु गठित कमिटी का होगा|6. बिक्री प्रमाण पत्र पूरे निविदा मूल्य एवं अन्य खर्ची के जमा करने पश्चात ही सुपुर्द किये जावेंगे। 7. इस विज्ञापन के माध्यम से ऋणी को नीलामी की सूचना दी जा रही है।

दिनांक: 04 .04 .2024 प्राधिकृत अधिकारी



### प्राचार्य ने इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को दिलाई मतदान की शपथ

**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा रासेयो एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत मतदान करने प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने शपथ दिलाई तथा कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि मजबूत लोकतंत्र के लिए निष्पक्षता और इमानदारी के साथ मतदान करें। इस दौरान विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### चाह आरोपियों से पुलिस ने जब्त किया 41 लीटर शराब

**अंबिकापुर।** जिले में पुलिस विभाग द्वारा सीतापुर, दरिमा, कमेलश्वरपुर व उदयपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की है। पुलिस ने चार थाना क्षेत्रों में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही 41 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस के अनुसार सीतापुर थाना द्वारा कुनमेरा निवासी 35 वर्षीय तेजू नंदन चौहान के कब्जे से 10 लीटर, उदयपुर थाना द्वारा मोहनपुर निवासी 24 वर्षीय मनोज कुमार मिर्रे के कब्जे से 15 लीटर शराब जब्त किया है व धारा 34(2) के तहत के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह सीतापुर पुलिस ने कुनमेरा निवासी 30 वर्षीया सुनीता कुजूर के पास से 4 लीटर, दरिमा पुलिस ने कंठी निवासी 35 वर्षीय दिलीप अगरिया के पास से साढ़े चार लीटर व सखौली निवासी 45 वर्षीया पुनमासो कंवर के पास से 4 लीटर, थाना कमलेश्वरपुर द्वारा नामर्दापुर निवासी 37 वर्षीय रामप्रसाद माझी के पास से साढ़े तीन लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क) व (ख) के तहत कार्रवाई की है।

**सरगुजा मार्केट**

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 अप्रैल, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

हृदय रोग ओपीडी
अब आपके शहर अम्बिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 13 अप्रैल 2024
समय : सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9827872666

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक-07 अप्रैल, 2024
दिन-रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
दिनांक - 07 अप्रैल 2024, दिन-रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्च में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक -7 अप्रैल 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
डॉ. मनीष चौरसिया MS (General Surgery) MCH (Neuro Surgery)
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर

4 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 4/4/2024 9:54 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### गोरखनाथपुर में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ कराने केबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत गोरखनाथपुर के तीन वार्डों में लो वोल्टेज व हाइटेंशन लाइन केबल की दयनीय स्थिति में सुधार कराए जाने की मांग को लेकर गुरूवार को केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से भाजयुमो जिला महामंत्री के नेतृत्व में लोगों ने मुलाकात करके अवगत कराया। केबिनेट मंत्री द्वारा तत्काल विद्युत अधिकारी से संपर्क करके व्यवस्था सुदृढ़ कराए जाने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत गोरखनाथपुर के वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 के लोगों को लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। साथ ही विद्युत विभाग द्वारा जो घरों के ऊपर से तरंगित केबल को पार किया गया है, वह भी काफी जानलेवा साबित हो रहे हैं। कई घरों के ऊपर केबल के अर्थिंग टूटकर गिरे हुए हैं और कई जगह पर पेड़ों में उलझे हुए हैं। ऐसी स्थिति में यहां पर हमेशा किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

### आईजी के निरीक्षण में मिली गड़बड़ी, लटोरी चौकी प्रभारी को किया गया लाइन अटैच

**बिश्रामपुर।** लोकसभा चुनाव में कानून व्यवस्था का जायजा लेने निकले सरगुजा रेंज आईजी के निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी सामने आने के बाद कार्य में लापरवाही पाए जाने पर आईजी अंकित गर्ग ने लटोरी चौकी प्रभारी धनंजय पाठक को लाइन हाजिर कर दिया है।साथ ही रोजनामचा दर्ज दिनांक से पीछे चलने के कारण चौकी के मुख्य मोहर्रिर रविशंकर किंडो का एक साल का ड्यूटी इंक्रिमेंट रोकने के निर्देश दिया गया है। बताया जाता है कि आईजी अंकित गर्ग बुधवार को अचानक निरीक्षण में लटोरी चौकी पहुंचे थे, यहां पर उन्होंने पाया कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत काटी जा रही पर्चियों में हस्ताक्षर ही नहीं किया गया है। इसके अलावा चौकी के निरीक्षण में आईजी ने पाया कि रोजनामचा तय समय के मुताबिक दर्ज दिनांक से पीछे चल रहा है जिसके बाद नाराज होते हुए आईजी ने चौकी के प्रधान मोहर्रिर के इंक्रीमेंट रोकने के निर्देश दिए है।आईजी के इस औचक निरीक्षण से महकमे में हड़कंप मच गया है।

### खेत में लगाए गए पांच एचपी पंप को चोरों ने किया पार

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत करंजी निवासी एक ग्रामीण के खेत में लगाए गए सौर ऊर्जा के पांच एचपी पंप को गत दिनों अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत करंजी निवासी प्रार्थी रजूराम राजवाड़े पिता ननकु राम राजवाडे के खेत में क्रीडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा का पांच एचपी का पंप सिंचाई करने हेतु लगाया गया था।

## एजुकेशन प्लस

### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, वसुंधरा के नये सत्र की शुरूआत, उल्लास के साथ



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा अम्बिकापुर अंचल मे, एक नई पहचान के साथ 1 अप्रैल को नये सत्र 2024-25 का प्रारंभ हुआ। नये छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के चेहरे पर, खुशियों के भाव स्पष्ट दिख रहे थे क्योकि लम्बे समय बाद, बीपीएस वसुंधरा मे, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, अन्य सुविधाओं के साथ, शिक्षित व अनुभवी टीचर्स की टीम, उनकी आशाओं को साकार करती हुई नजर आई । सत्र के पहले दिन स्कूल के प्रतीक चिन्ह अपनी श्रेष्ठता को उजागर करते आकाश मे लहराते रहे। नये प्रवेश लिये विद्यार्थियों के माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उच्च स्तरीय शिक्षा के लिये, बीपीएस की एकजुटता व प्रेरणा स्पष्ट झलकती माहौल को खुशनुमा बना रही थी ।

## वर्ष 1946 में किया गया था भवन का निर्माण

# आठ दशक बाद संभाग के सबसे पुराने मल्टी परपज स्कूल भवन का हो रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा संभाग के सबसे पुराने शासकीय एडवर्ड हायर सेकेण्ड्री स्कूल के जर्जर भवन पर पहली बार शासन का ध्यान गया है। भवन निर्माण के 78 वर्षों बाद शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल का कायाकल्प कराया जा रहा है। रियासत काल में सरगुजा के मेघावी विद्यार्थियों को उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न विषयों की उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 1914 में सरगुजा राज परिवार द्वारा एडवर्ड हायर सेकेण्ड्री स्कूल की स्थापना की गई थी। तब हाई एवं हायर सेकेण्ड्री की पढ़ाई के लिए क्षेत्र के विद्यार्थियों को दूसरे बड़े शहरों का रूख करना पड़ता था। बेहद कम संख्या में क्षेत्र के विद्यार्थी दूसरे शहरों तक पहुंच पाते थे। सरगुजा रियासत द्वारा हायर सेकेण्ड्री स्कूल की स्थापना करने के बाद शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव आया तथा स्कूल से पढ़कर निकले विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन हुए। लगातार दर्ज संख्या में वृद्धि होने के कारण वर्ष 1946 में विशाल स्कूल भवन का निर्माण कराया गया। पहली बार स्कूल के नाम के अनुरूप अंग्रेजी वर्णमाला के ई अक्षर के आकार में भवन का निर्माण कराया गया। पुरानी तकनीक से बनी ईंट की दीवारें आज भी पूरी मजबूती से खड़ी हैं। भवन के सभी कमरों का छप्पर टीन शेड का है। गर्मी से राहत के लिए सभी कमरों में फाल्स सीलिंग लगाई गई है जो पक्की छत होने का अहसास कराता है। कई दशकों से मरम्मत नहीं होने के कारण दीवारों के प्लास्टर खराब हो गए थे वहीं टीन शेड व खिड़की-दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिपं सदस्य एवं शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंहदेव, तत्कालीन जिपं सीईओ विश्वदीप एवं तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.संजय गुहे के प्रयासों से शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के माध्यम से भवन का सुधार कराया जा रहा है। योजना के तहत अलग-अलग ठेकेदारों द्वारा भवन की मरम्मत की जा रही है। योजना के तहत 1.69 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। बोर्ड परीक्षा, वार्षिक परीक्षा एवं नियमित कक्षाएं संचालित होने के कारण अब अवकाश के दौरान तेजी से सुधार कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत नए शेड लगाने के बाद फॉल सीलिंग बनाया जाएगा तथा दीवारों पर प्लास्टर करने के उपरांत फर्श पर टाइल्स लगाए जाएंगे। नए सत्र की कक्षाएं प्रारम्भ होने के पूर्व सुधार कार्य पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है।

**खास बात**

- लगातार बढ़ रही विद्यार्थियों की संख्या



मजदूरों को निर्देशित करते स्कूल के प्राचार्य।

### एक साथ दो पाठ्यक्रम

मल्टी परपज हायर सेकेण्डरी स्कूल सरगुजा का एकमात्र ऐसा शासकीय विद्यालय है जहां एक साथ छत्तीसगढ़ बोर्ड का हिन्दी पाठ्यक्रम एवं सीबीएसई का अंग्रेजी पाठ्यक्रम संचालित होता है। स्कूल में प्रवेश लेने के लिए आज भी मारामारी मचती है। पूर्व में विद्यालय में 26 कमरे थे जिनमें कार्यालय, स्टाफ रूम एवं 20 में कक्षाओं का संचालन होता था। वर्ष 2005 में शासन द्वारा मॉडल स्कूल घोषित कर 7 कमरों का निर्माण कराया गया। वर्ष 2016-17 में तत्कालीन कलेक्टर आर प्रसन्ना ने अडानी कोल खदान प्रबंधन के माध्यम से 12 कमरों का निर्माण कराया था। इसके पूर्व विधायक मद से 3 कमरों का निर्माण कराया गया था। अब विद्यालय के 40 कमरों में कक्षाएं संचालित होती हैं।

### योग्यता के अनुसार प्रवेश

एडवर्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल अपनी शिक्षा एवं अनुशासन के लिए प्रारम्भ से ही चर्चित रहा है। वर्ष 1956 में शासन द्वारा स्कूल में एक कैरियर मास्टर की नियुक्ति की गई थी। कैरियर मास्टर विद्यार्थियों की प्रतिभा का आंकलन करने के उपरांत उसके लिए विज्ञान, गणित व कला संकाय में प्रवेश का निर्धारण करते थे। वर्ष 2005 में विद्यालय को मॉडल स्कूल घोषित किया गया। स्कूल का अपना छात्रावास भी था जो पूर्व में संभागायुक्त कार्यालय मे संचालित होता था।

### धरोहर है पुराना भवन

रियासत काल में अंग्रेजी वर्णमाला के ई आकार में बने भवन को धरोहर माना जाता है। कई बार नए निर्माण के लिए भवन के आकार को बदलने की स्थिति निर्मित हुई लेकिन स्कूल प्रबंधन एवं प्रशासन ने इसकी स्वीकृति नहीं दी। आज भी पुराना भवन पूरी तरह सुरक्षित है।

### गुणवत्ता पर ध्यान

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में स्कूल जतन योजना के तहत विद्यालय भवन का सुधार कराया जा रहा है। ठेकेदारों को 16 जून के पूर्व कार्य पूरा करने निर्देशित किया गया है। सुधार कार्य में गुणवत्ता का खास ध्यान रखा जा रहा है।

-केके राय
प्राचार्य



वार्षिक महोत्सव में शामिल श्रद्धालु।

## धूमधाम से मनाया गया शीतला माता मंदिर का वार्षिक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर के शीतला माता मंदिर में मानहेरू महलवाला परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय शीतला माता महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर माता की विधिवत पूजा-अर्चना व धोक लगाने के साथ माता को चुनरी अर्पित की गई और सवा मनी का प्रसाद लगाया गया। उल्लेखनीय है कि शीतला माता मंदिर में होली के बाद पहले सोमवार को बड़ी संख्या में लोग माता की पूजा करने आते हैं और इस दिन पूरे परिवार के साथ एक दिन पहले बनाया हुआ बासी भोजन किया जाता है। शीतला माता मंदिर में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से अनुयायियों ने पहुंच माता के मंदिर में अपनी हाजिरी लगाकर मत्था टेका। शीतला माता मंदिर में मानहेरू महलवाला परिवार के बच्चों का मुंडन संस्कार किया जाता है। इस दौरान रात्रि कीर्तन और जागरण के कार्यक्रम में पूरी रात भक्तों ने माता की अलख जगाई और जमकर भजनों पर थिरके। उत्सव के दूसरे दिन समाज का भंण्डारा व प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में नगरवासियों ने हिस्सा लेकर शीतला माता का प्रसाद ग्रहण किया। नगर में शीतला माता मंदिर की स्थापना 21 वर्ष पूर्व की गई थी। महलवाला मानहेरू परिवार के सदस्यों द्वारा पैतृक गांव हरियाणा के मानहेरू से माता की ईंट लाकर मंदिर निर्माण कराया गया और तब से यहां विविध धार्मिक अनुष्ठान के साथ मुण्डन संस्कार आयोजित होते हैं। इस वर्ष जिले के अलावा बिश्रामपुर, जयनगर, सलका, अम्बिकापुर, मनेन्द्रगढ़, बिलासपुर, रायपुर, पेण्ड्रा सहित अन्य स्थानों से परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान बैजनाथ अग्रवाल, लालचंद अग्रवाल, विष्णुराम अग्रवाल, गिरधारीलाल अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, ज्ञानीराम अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, रामअवतार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजकके लोग उपस्थित थे।

## पंच ने इतवारी बाजार के समीप किया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम शिवनंदनपुर के तलवापारा मोहल्ले समीप इतवारी बाजार में एसईसीएल के लीज भूमि पर शिवनंदनपुर पंचायत की वार्ड क्रमांक सात की महिला पंच व परिजन द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर के दुकान का निर्माण किया जा रहा था, जिसे एसईसीएल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा कई बार रोक लगाते हुए बेजा कब्जा को हटाने का मौखिक निर्देश दिया था। इस दौरान एसईसीएल सुरक्षाकर्मियों की समझाइश को नजरअंदाज करते हुए महिला वार्ड पंच द्वारा अपने अवैध निर्माण कार्य को बदस्तूर जारी रखा गया। इस मामले पर गुरुवार को एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर कम्पनी सुरक्षा कर्मियों की टीम ने मौके पर जाकर महिला वार्ड पंच द्वारा अवैध अतिक्रमण किये दिवार को हाथ से धक्का देकर ढहा दिया गया है। अवैध कब्जा हटाए जाने की कार्यवाही उपरांत महिला वार्ड पंच ने नाराज होकर एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में पहुंचकर जमकर हंगामा भी मचाया। मामले में एसईसीएल क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा सूरजपुर तहसीलदार व पिलखा नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर उक्त अवैध कब्जा से सम्पूर्ण बेदखली की कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 7 की महिला पंच की माता भी वार्ड क्रमांक 20 की वार्ड पंच है, बाजारपारा मोहल्ला भी वार्ड क्रमांक 20 के अंतर्गत आता है, इस कारण से एक ही परिवार की दो महिला पंचो ने मिली भगत कर कई जगह अतिक्रमण किया है, वार्ड वासियों द्वारा बताया गया कि उक्त परिवार द्वारा बाजारपारा मोहल्ले में पहले से चार जगह अतिक्रमण कर दुकान व मकान बनाया हुआ है। उक्त महिला वार्ड पंच के खिलाफ अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग को लेकर वार्डवासियों द्वारा एसईसीएल प्रबंधन के अलावा शिवनन्दनपुर पंचायत में भी लिखित शिकायत कर चुके हैं।

- सूचना मिलने पर एसईसीएल सुरक्षाकर्मियों ने बनी दीवार को ढहाया
- एक ही परिवार द्वारा शिवनन्दनपुर बाजारपारा में चार जगह किया गया है अतिक्रमण
- एसईसीएल ने सूरजपुर तहसीलदार को कार्यवाही हेतु लिखा पत्र



अतिक्रमण हटाते सुरक्षाकर्मी।

### 24 वर्षो से फरार स्थायी वारंटी पकड़ाया

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने वांरट तामीली को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 24 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी के साथ ही 5 व 2 वर्ष से फरार स्थायी वारंटियों को पकड़ा है। आरोपियों की जिला कोरिया स्थित मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी और चरचा से तामिली की गई है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है और विगत माह में कुल 88 स्थायी वारण्ट एवं 361 गिरफ्तारी वारण्ट की तामिली हुई है। इस बीच पुलिस ने 24 वर्षों से फरार आरोपी को पकड़कर वारंट की तामीली कराई है। पुलिस के अनुसार चिरमिरी बड़ी बाजार निवासी दलजीत सिंह को जिला कोरिया न्यायालय से धारा 279, 338 के तहत स्थायी वारंट जारी किया गया था। इसी तरह 5 वर्षों से फरार डोमनहिल चिरमिरी निवासी प्रहलाद सिंह को जिला कोरिया माननीय न्यायालय से 2 वर्षों से फरार चरचा घुटेरी निवासी राकेश उर्फ बिलू को जिला कोरिया न्यायालय से 379, 34 के तहत वारंट जारी किया गया था।

## श्री हरिश्चंद्र ठाकुर के 213 वे जन्म महामेला आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

श्री हरिश्चंद्र ठाकुर का 213 वां जन्म महोत्सव पर वारूनी महामेला का आयोजन ग्राम पंचायत अजबनगर, रविंद्र नगर में श्री किरण चांद ठाकुर हरि भजनाश्रम में आज 5 अप्रैल से आयोजित किया जायेगा।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हरिश्चंद्र ठाकुर का 213 वां जन्म महोत्सव पर वारूनी महामेला के कार्यक्रम में आज 5 अप्रैल शुक्रवार को सुबह विशाल कलश यात्रा एवं अधिवास, 6 अप्रैल शनिवार को गंगा स्नान एवं निशान दल आगमन, 7 अप्रैल रविवार को प्रातः 9 बजे से हरि भजन कीर्तन और शाम 8 बजे से कवि सम्मेलन उड़ीसा के दल द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। 8 अप्रैल सोमवार प्रातः 9 बजे से हरि भजन कीर्तन एवं शाम 8 बजे कवि भजन उड़ीसा के टीम द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम में 9 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 9 बजे से धार्मिक प्रवचन एवं शांति सभा का आयोजन और प्रतिदिन शाम 7 से 8 बजे तक तक संध्या आरती हरि भक्तों द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन सभी भक्तों के लिए भंडारा की भी व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने में समिति की अध्यक्ष चित्रा प्रमोद विश्वास, गोपाल, शीतल मालाकार, संदीप सरकार, नेपाल गोसाई, रमेश ठाकुर, मनमथ, भागीरथ सरकार, ठाकुर दास मंडल, बलराम शर्मा, गोपाल विश्वास व अन्य सक्रिय हैं। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है।

## मजदूरों की जगह मशीन से चल रहा डबरी का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना/सोनगरा

गांव में चल रहे डबरी निर्माण कार्य में मजदूरों की जगह मशीनरी का उपयोग किए जाने को लेकर ग्रामीणों में रोष का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी द्वारा मनमानी करते हुए मशीन की मदद से डबरी का निर्माण किया जा रहा है और इससे ग्रामीणों की मजदूरी पर छिन गई है। बताया जा रहा है कि जिले के प्रतापपुर अंतर्गत बंशीपुर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत डबरी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत में चल रहे डबरी निर्माण कार्य को मजदूरों की सहायता से कराया जाना था जिससे लोगों को रोजगार उपलब्ध होता लेकिन अधिकारियों द्वारा इसमें मनमानी कर मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अभियंता द्वारा ही ठेकेदार बनकर डबरी का निर्माण किया जा रहा है। डबरी निर्माण के लिए ठेकेदार व अधिकारी द्वारा दो दिन पूर्व मशीन लाया गया था जिसके बाद लोगों में नाराजगी है। डबरी का निर्माण मजदूरों से कराए जाने और मजदूरी भुगतान किए जाने का प्रावधान था लेकिन इसमें लापरवाही बरती जा रही है और खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही निर्माण स्थल पर कोई साइन बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे निर्माण के मद व कार्य की जानकारी ग्रामीणों को मिल सके। इतना ही नहीं डबरी निर्माण का कार्य आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रारम्भ कराया गया।

- ग्रामीणों में रोष, छिना रोजगार



### मशीन से कार्य की अनुमति

हमारे पास विभाग द्वारा जारी अनुमति पत्र है जिसमें मशीन से कार्य करने का अनुमति प्राप्त है। कार्य का पहले से भूमि पूजन किया जा चुका था जिसके बाद कार्य प्रारंभ किया गया है।

-अजय अग्रवाल, अभियन्ता वाटर शेड













